# कार्यालय अधिष्ठाता

# शासकीय स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस,चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर

क्रमांक /स्था./विज्ञप्त/23/ 3286 जबलपुर, दिनांक 13/04/2023

## //विज्ञप्ति//

म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के एफ 2-2017/1/55 दिनांक 12/01/2018 द्वारा जारी म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के राजपत्र क्रमांक एफ-07-2019-25 आ.प्र.-एक - मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद्द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण) नियम, 1998 में संशोधन दिनांक 19/08/2019 के अनुसार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालयों में प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के निम्नलिखित विषयों में रिक्त रहे पदों को शासन/एमसीआई (एन.एम.सी.) द्वारा निहित अर्हताऐं पूर्ण करते हों एवं माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन, राज्य स्तरीय रोस्टर का पालन करते हुए सीधीभर्ती द्वारा किया जाना है। रिक्त पदों हेतु पात्रता धारी योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, एवं समस्त प्रवर्गो के आवेदक आवेदन शुल्क प्रत्येक पद हेतु रूपये 1000/- (शब्दों मे रूपये एक हजार मात्र) निम्नानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय के खाते में डिमांड ड्राफट अथवा ऑनलाईन भुगतान के माध्यम से जमा कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

| | |
|---|---|
| A/c Holder:- | CEO/Dean N.S.C.B. Medical College Jabalpur |
| Bank Name | State Bank of India, Medical College Branch Jabalpur |
| A/c No. | 10080132574 |
| IFSC Code | SBIN0001445 |

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथी दिनांक 15/05/2023 सांय 05:30 बजे तक। अधिष्ठाता कार्यालय चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर म.प्र. 482003 ।

| PROFESSOR | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No | Name of Subject | UR | EWS | OBC | ST | SC | TOTAL |
| 1. | SKIN V.D. | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 2. | P.M.R. | 01 | - | - | - | - | 01 |
| | TOTAL | 02 | - | - | - | - | 02 |
| ASSOCIATE PROFESSOR | | | | | | | |
| S.No | NAME OF SUBJECT | UR | EWS | OBC | ST | SC | TOTAL |
| 1. | EMERGENCY MEDICINE | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 2. | P.M.R. | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 3. | E.N.T. | - | - | - | 01 | - | 01 |
| | TOTAL | 02 | - | - | 01 | - | 03 |
| ASSISTANT PROFESSOR | | | | | | | |
| S.No | Name of Subject | UR | EWS | OBC | ST | SC | TOTAL |
| 1. | BIOCHEMISTRY | - | - | - | 01 | - | 01 |
| 2. | P.M.R. | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 3. | GENERAL MEDICINE | 01 | - | 02 | 01 | - | 04 |
| 4. | GENERAL SURGERY | 01 | - | 01 | 01 | - | 03 |
| 5. | OBST.& GYNE. (ANTINETAL MEDICAL OFFICER) | - | - | 01 | - | - | 01 |
| 6. | ORTHOPAEDICS | - | - | - | 02 | - | 02 |
| 7. | PSYCHAITRY | 01 | - | - | - | - | 01 |
| 8. | RADIODIAGNOSIS | - | - | 01 | 01 | - | 02 |
| | TOTAL | 04 | - | 05 | 06 | - | 15 |

निरंतर:- 02

उपरोक्त चिन्हित पदों मे SC = अनसूचित जाति, ST = अनसूचित जनजाति, OBC = अन्य पिछड़ा वर्ग, EWS = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।

नोट:-1. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटायी/बढ़ायी जा सकती है ।

2. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट **www.nscbmc.ac.in** पर उपलब्ध है।
3. आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर मे जमा कराये जा सकते हैं।
4. शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन पर विभाग का नाम तथा आवेदित पद का नाम और आरक्षण रोस्टर अनुसार किस वर्ग का आवेदक है, और किस वर्ग के रिक्त पद पर आवेदन करता है, उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।
5. विज्ञापित पदों के आरक्षण एवं नियुक्ति संबंधी समीचिन नियमों एवं भविष्य में नियुक्तियों के संबंध में अन्यथा लिये गए शासकीय निर्णय के अधीन नियुक्ति रहेंगी, एवं अभ्यर्थी नियुक्ति निरस्त होने की दशा में नियुक्ति के संबंध में अधिकार के रूप में मांग नहीं कर सकेगें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चंद्र बोस (स्वशासी समिति)
चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर

1. वेतनमान –

| | | |
|---|---|---|
| प्राध्यापक | – | पुनरीक्षित वेतनमान एकेडमिक लेवल 14 के समकक्ष |
| सह–प्राध्यापक | – | पुनरीक्षित वेतनमान एकेडमिक लेवल 13-A के समकक्ष |
| सहायक प्राध्यापक | – | पुनरीक्षित वेतनमान एकेडमिक लेवल 11 के समकक्ष |

टीप – समस्त पदो के लिये राज्य शासन द्वारा समय समय पर स्वीकृत वेतनमान/निश्चित मानदेय एवं अन्य भत्ते आदि देय होगे।

2. आयु सीमा –

| | | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| प्राध्यापक | – | 35 वर्ष | 62 वर्ष |
| सह–प्राध्यापक | – | 30 वर्ष | 62 वर्ष |
| सहायक प्राध्यापक | – | 25 वर्ष | 62 वर्ष |

टीप – आयु की गणना विज्ञापन जारी होने वाली तिथि के पश्चात आने वाली 01 जनवरी के दिनांक को आधार मानकर गणना मे ली जावेगी।

3. पदो पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।

- जाति प्रमाण पत्र आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।

4. शैक्षणिक अर्हताये :–
   - भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा शैक्षणिक पद विशेष के लिए निर्धारित अर्हता।

5. निरर्हतायें–

5.1 विकृत चित्त वाला होने पर।

5.2 दुश्चरित्र होने पर।

5.3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

5.4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

5.5 विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।

5.6 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।

5.7 कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

निरंतर:- 04

5.8 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

5.9 स्वास्थ्य संबंधी – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।

6. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में सेवारत व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के पद के लिये अर्हताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिये स्वतन्त्र होगा ओर ऐसे आवेदन के लिये उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लेना होगा ।

7. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर मे कार्यरत किसी अभ्यार्थी का चयन यदि सहायक प्राध्यापक, के पद पर होता है तो उसको परीवीक्षा अवधि पर नहीं रखा जावेगा परन्तु इसके अतिरिक्त अन्य चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिये परीवीक्षा पर अनुबंध पर की जावेगी। यदि चयनित अभ्यर्थी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में एक वर्ष की अवधि के लिये सीनियर रेसीडेन्ट के पद पर संतोषजनक कार्य किया हो तो सहायक प्राध्यापक पद पर उसे नियमित सेवा में नियुक्ति दी जा सकेगी।

8. चिकित्सा शिक्षक को उसके पद के अनुरूप कर्तव्यों का तथा समय–समय पर सौपे गये प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

9. ऐसे चिकित्सा शिक्षक जिनकी नियुक्ति राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1987 के तहत की हो के द्वारा उच्च पद के लिये आवेदन किया जाता है और यदि उसका चयन किया जाता है तो वह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में ऐसे वरिष्ठ पद पर लिया जा सकेगा।

10. आवेदक का चयन होने पर उसे 65 वर्ष की उम्र अथवा नियुक्ति दिनांक से 03 वर्ष, जो भी पहले हो तक संबंधित स्वशासी महाविद्यालय में सेवायें देनी होगी। आवेदक को इस बाबत् सम्यक रूप से स्टांपित एक बांड नियुक्ति के समय भरना होगा एवं इस शर्त के उल्लंघन पर उसे एक वर्ष के वेतन/मानदेय के बराबर की राशि महाविद्यालय को चुकानी होगी।

11. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :–स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में आवेदन पत्र दिनांक 15/05/2023 सायं 05:30 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराये जा सकते है। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

12. चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

13. चयन प्रकिया हेतु किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा।

14. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश की वेबसाईट **www.nscbmc.ac.in** पर उपलब्ध है।

15. म.प्र. शासन के स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मे कार्यरत चिकित्सक हेतु प्रतिनियुक्ति के लिये मूल नियोक्ता की सहमति अनिवार्य होगी ।

निरंतर:- 05

16. उक्त नियुक्तियों मे विवाद की स्थिती में न्यायायलयीन कार्य क्षेत्र माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर होगा एवं होने वाली नियुक्तियों मे यदि माननीय न्यायालय कोई निर्देश जारी करता है तो प्रकरण में पारित अंतिम निर्णय सर्वोमान्य होगा।

17. समस्त प्रवर्गों के आवेदक आवेदन शुल्क प्रत्येक पद हेतु रूपये 1000/- (शब्दों मे रूपये एक हजार मात्र) निम्नानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय के खाते में राशि का डिमांड ड्राफ्ट "मुख्य कार्यपालन अधिकारी,एवं अधिष्ठाता स्वाशासी नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर" के नाम देय हो प्रस्तुत करना होगा । बैंक ड्राफ्ट के पीछे अभ्यार्थी को अपना पूरा नाम, पता व विषय तथा नम्बर यदि कोई हो तो लिखना आवश्यक होगा । किसी भी अवस्था में राशि लौटायी नही जावेगी । अथवा उपरोक्तानुसार राशि अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के खाते में जमा जमा की जा सकती है। राशि जमा कर रसीद मूलतः आवेदन के साथ संलग्न करें।

**Account Details A/c Holder:- CEO/Dean N.S.C.B. Medical College Jabalpur, Bank Name State Bank of India Medical College Branch A/c No. 10080132574. IFSC Code:-SBIN0001445**

महत्वपूर्ण टीप :— यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हतायें और भार्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करे ले ओर अर्हता की समस्त भार्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी। बिंदु क्र. 05 के संबंध में चयन उपरांत 07 कार्यालयीन दिवस में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्यः है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (स्वशासी समिति)
चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर

# आवेदन का प्रारूप

**विषय.........................................................................नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के ..................................................................पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र**

**नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।**

स्वप्रमाणित फोटो

1. आवेदक का नाम ..............................................................................................

2. पुरूष / महिला(Please Tick)

| M | | F | |
|---|---|---|---|

3. पिता / पति का नाम (उपनाम सहित)...........................................................

4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)...............................................

   ..................................................................................................................................

   शहर का नाम........................................Pin Code......................

   मोबाइल नं

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

5. स्थाई पता..............................................................................................................

   ..................................................................................................................................

   शहर का नाम.............................. **ईमेलआईडी**.......................................

   मोबाइल नं

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

6. आधार कार्ड नम्बर (हो तो)रू...................................................................

7. जन्मतिथि (हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें)...............................

8. दिनांक 01/01/2023 को आवेदक की आयु .........दिन ........ माह ........... वर्ष

9. आवेदक की वैवाहिक स्थिति– विवाहित / अविवाहित

10. विवाह का दिनांक– .................................

11. वर्गः अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / विकलांग ..................... (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें )

12. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिर्नाक ..........................

    अ. (एम.बी.बी.एस.)–

    ब. एमडी / एमएस–

    स. एमसीएच / डीएम–

13. शैक्षणिक योग्यताऐं:-(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रं | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | एम.बी.बी.एस. के कुल प्राप्तांक / प्रतिशत | प्रयास (Attempt) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | MBBS First Prof. | | | | | | |
| 2 | MBBS Second Prof. | | | | | | |
| 3 | MBBS Final Part I | | | | | | |
| 4 | MBBS Final Part II | | | | | | |
| 5 | MD/MS | | | | | | |
| 6 | MCH/DM | | | | | | |
| 7 | S.R. | | | | | | |

(प्रत्येक वर्ष का पृथक-पृथक भरे)

नोटः प्रत्येक परीक्षा के प्रयास (Attempt) प्रमाण पत्र अधिष्ठाता द्वारा प्रदत्त हो संलग्न करें।

14. शैक्षणिक अनुभव :- छायाप्रति संलग्न करें।

| क्रमांक | पदनाम | शैक्षणिक अनुभव |
|---|---|---|
| 1 | सह प्राध्यापक | |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | |
| 3 | ट्यूटर / प्रदर्शक | |
| 4 | मेडिकल ऑफीसर | |
| 5 | सीनियर रेसीडेन्ट | |
| 6 | अन्य | |

15. रिसर्च पब्लिकेशन :-छायाप्रति संलग्न करें।

| क्रमांक | पदनाम | रिसर्च पब्लिकेशन |
|---|---|---|
| 1 | सह प्राध्यापक | |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | |
| 3 | ट्यूटर / प्रदर्शक | |
| 4 | मेडिकल ऑफीसर | |
| 5 | सीनियर रेसीडेन्ट | |
| 6 | अन्य | |

16. मूल नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र। हॉ / नहीं (............)

17. आवेदन शुल्क रसीद संलग्न करें। रसीद संख्या ..................................................

18. कुल संलग्न प्रमाण पत्रों की संख्या ..........................................................

स्थान............................... आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

दिनॉक.............................

## //घोषणा-पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र / नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

# CHECK LIST -01

## For Post of Professor/ Associate Professor/ Assistant Professor in NSCB Medical College Jabalpur

## Scrutiny of Document

**Date:**
**Name of Candidate:** **Category: ……………………………..**
**Name of Subject:** **Post:……………………..………………..**
**Age/Sex:**
**Marital Status (If married age at marriage):**
**No. of Children:**
**Place of work and designation (present):**

**ORIGINAL DOCUMENT:**

1. **Date of Birth (High School Mark Sheet):** Attached / Not Attached
2. **MBBS Mark sheets:** Attached / Not Attached
3. **MBBS Degree:** Attached / Not Attached
4. **Year:**
5. **Name of College:** MCI Recognized/Not Recognized
6. **Registration of MBBS :** Attached / Not Attached
7. **Internship Completion Certificate:** Attached / Not Attached
8. **M.B.B.S Attempt Certificate** Attached / Not Attached
9. **PG Degree(In same subject):** Attached/Not Attached)
   **Subject:**
   **Year:**
   **College Name :** MCI Recognized/Not Recognized
   **P.G. Degree Attempt Certificate** Attached/Not Attached)
10. **MBBS(MP STATE MEDICAL COUNCIL) Registration No. : ……………………..…....**
11. **Post-Graduation (MP STATE MEDICAL COUNCIL) Registration No.: …………………**
12. **Certificate issued by Dean after PG:** Attached / Not Attached
13. **Certificate of teaching experience as Associate Professor/Assistant Professor:**

| S. NO. | POST | MEDICAL COLLEGE | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1. | Associate Professor | | |
| 2. | Assistant professor | | |
| 3. | Tutor/Demonstrator | | |
| 4. | Medical Officer | | |

14. **Publications in National/International, Index journals as per MCI As 1st /2nd /Corresponding Author**

| S.NO. | DESIGNATION AT TIME OF PUBLICATION | DATE OF PUBLICATION |
|---|---|---|
| 1 | Associate Professor | |
| 2 | Assistant professor | |
| 3 | Tutor/Demonstrator | |
| 4 | Medical Officer | |

15. **Certificate of Award if have:**
16. **Caste Certificate by Competent Authority:** Attached / Not Attached
17. **Employers NOC if in Service (Government/Semi Government/Private):** Attached / Not Attached
18. **Identity Card (Adhar Card/PAN Card/Driving license/Voter ID):** Attached / Not Attached

**Note:**

1. **For Bonded Candidate, if document deposited in college, bring Certificate issued by dean for documents deposited in the institute and self-attested copy of documents deposited in Institute.**

**(Name & Signature of Candidate)**
**Date ……./10/2022**

**(Name & Signature)**
**Scrutiny Officer**

# CHECK LIST - 01

## FACULTY PROFORMA FOR SCRUTINY & APPROVAL OF PUBLICATION

| NAME | PRESENT DESIGNATION & DEPARTMENT | DATE OF JOINING IN PRESENT DESIGNATION |
|---|---|---|

| S. NO. | PUBLICTION TITLE & NAME OF JOURNAL | NATURE OF PUBLICATION ie. ONLY ORGINAL RESEARCH ARTICALES/ PAPERS | AUTHOR NUMBER FIRST/SECOND/THIRED CORRESPONDING | PRINT/ ONLINE/ BOTH | INDEXING IN WHICH SITE AS PER MCI NORMS | JOURNAL TYPE NATIONANL/INTERNATIONAL | APPROVED AS PER NORMS BY SCUTINY COMMITTEE YES / NO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**NOTE :-**

* **ARTICLE PUBLICATION CRITEARIA WILL BE AS PER MCI/NMC NORMS**

**NAME & SIGNATURE OF CANDIDATE**

**DATE:**